Saanvi Garg
8th G

BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
Final Examination (7 March 2025)
Subject - Hindi
Class - VIII (SET - B)

Time: 3 hrs. **MM: 80**

(भाग-क) पठन

प्र1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनिएः **(5)**

लोकगीत अपनी लोच, ताज़गी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न है। यह सीधे जनता का संगीत है। यह घर, गाँव व नगर की जनता का गीत है। इसके लिए साधना की आवश्यकता नहीं होती। त्योहारों तथा विशेष अवसरों पर यह गाया जाता है। इसके रचनाकार अधिकतर गाँव के निवासी होते हैं। स्त्रियों ने इसकी रचना में विशेष योगदान दिया है। यह वाद्य-यंत्रों की मदद के बिना ही या साधारण ढोलक, झाँझ, बाँसुरी, करताल आदि की सहायता से गाया जा सकता है। एक समय था, जब शास्त्रीय संगीत के सामने इसे हेय समझा जाता था, परंतु साधारण जनता की ओर, जब से लोगों की नज़र हुई है, तब से कला और साहित्य के क्षेत्र में भी परिवर्तन हुआ है। अनेक लोगों ने विविध बोलियों के लोकसाहित्य और लोकगीत के संग्रह के लिए कमर कस ली है और इस प्रकार के अनेक संग्रह अब तक प्रकाशित भी हो गए हैं।

(क) सीधे घर, गाँव व नगर की जनता के कौन-से गीत हैं?

(*i*) पश्चिमी बंगाल ☐ (*ii*) शास्त्रीय संगीत ☐
(*iii*) लोकगीत ☐ (*iv*) फ़िल्मी गीत

(ख) लोकगीत शास्त्रीय संगीत से किस प्रकार अलग हैं?

(*i*) लोच ☐ (*ii*) ताज़गी ☐ (*iii*) लोकप्रियता ☐ (*iv*) उपर्युक्त सभी

(ग) लोकगीत किन अवसरों पर गाए जाते हैं?

(*i*) स्वतंत्रता दिवस पर ☐ (*ii*) गणतंत्र दिवस पर
(*iii*) त्योहारों एवं विशेष अवसरों पर ☐ (*iv*) मातृ दिवस पर

(घ) गद्यांश में किन वाद्य यंत्रों का ज़िक्र हुआ है?

(*i*) बाँसुरी, करताल, ढोलक ☐ (*ii*) गिटार, करताल, बाँसुरी
(*iii*) झाँझ, हारमोनियम, ढोलक ☐ (*iv*) करताल, बाँसुरी, गिटार

(ङ) 'कमर कस ली' मुहावरे का उचित अर्थ है–

(*i*) कमर बाँधना ☐ (*ii*) कमर कसना
(*iii*) तैयार होना ☐ (*iv*) भाग जाना

Hydrogen:
Helium
Lithium
Beryllium
Boron
Carbon

B-1

(भाग-ख) पाठ्य पुस्तक

प्र2क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई छह) (3)

बावली, फर्स्ट-एड, परिवेश, सन्नाटा, पोखर, घाघ, भेंट

ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें: (2)

मनसूबे, अचंभित

प्र3क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए: (1×5=5)

क) पाठ बदलते परिवेश में रमेश का पूरा नाम क्या था?

ख) बसंती हवा कैसी है?

ग) मै रेडक्रॉस की सदस्या हूँ। बाहर मेरे बहुत-से साथी है। पाठ बहादुर बेटा में यह वाक्य किसके द्वारा कहे गए है?

घ) कविता नदी का रास्ता में नदी ने अपने साम्राज्य के अनुरूप क्या किया?

ङ) दफा चवालीस कहाँ लगी हुई थी?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए-

क) मजिस्ट्रेट ने किस आधार पर साधू सिंह को छोड़ दिया? (2)

ख) नदी को अपना रास्ता बनाने में किन-किन बाधाओं और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? (2)

ग) (1) आँधी-तूफान या भूकंप से पीड़ितों की सहायता कहीं भी रहकर की जा सकती है। कैसे?(3)

अथवा

ग) (2) पाठ 'साधू सिंह' के आधार पर निम्नलिखित पंक्ति का आश्य स्पष्ट करें-

जैसे राह चलते-चलते आदमी के पैर में काँटा चुभ जाए।

प्र4. पठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए:(4)

नवंबर, 1980 की बात है। मेरे पिता जी का तबादला कर्नाटक के छोटे-से ज़िले तुमकुर से दिल्ली हो गया। हमारा परिवार दिल्ली आ गया। यह मेरे लिए एक अनूठा और अपूर्व अनुभव था। स्कूल का आधा सत्र समाप्त हो चुका था। मेरी कक्षा के छात्र एक-दूसरे से भली-भाँत परिचित थे। अंगेज़ी व हिंदी भाषा न जानने के कारण मुझे मित्र बनाने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा, परंतु भाषा की समस्या आने वाली अनेक समस्याओं में से के सवल एक थी।

दिल्ली के बच्चे मेरे मुकाबले अधिक तेज़- तर्रार थे। सारा दिन यहाँ-वहाँ भागते रहते और मै उनसे डरकर कोने में छुपता-फिरता था।

1) अगर आप किसी दूसरे राज्य में जाकर नए विद्यालय में दाखिला लेते है तो वहाँ पर मित्र बनाने के लिए किस समस्या का सामना करना पड़ता है?

क) एक-दूसरे से बातचीत न करना ख) भाषा समझ में न आना (भाषा की समस्या)

ग) कम बोलना घ) इन में से कोई नही

2) अपनी कमी या गलती को छुपाने के लिए हम क्या करते है? इस गद्यांश के अनुसार सही विकल्प चुनिए।

क) झूठ बोलते है। ख) डरकर इधर-उधर छिपते फिरते है।

ग) स्वीकर न करना। ग) ये सभी

B-2

3) कौन-सी भाषा हमें एक-दूसरे से जोड़ती है? 'अनेकता में एकता का प्रतीक' है-

क) अंग्रेजी भाषा ख) हिंदी ग) तमिल घ) कन्नड़

4) जब आप किसी नए विद्यालय में दाखिला लेते हो तो वहाँ के बच्चों के आपसी व्यवहार के बारे में बताएँ। दो-तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए।

(भाग-ग) व्यावहारिक व्याकरण

प्र5क) संधि कीजिए- 1) पो+इत्र 2) नील+आकाश (2+2=4)

ख) संधि विच्छेद करें- 1) यथैव 2) पर्यावरण

प्र6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें - (3)

राजा, मछली, हाथ

प्र7क) निम्नलिखित समास विग्रहों के समस्तपद बनाएँ और भेद का नाम ,लिखें- (2)

1) हाथ ही हाथ में 2) गंगा का तट

ख) निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह कीजिए और समास के भेद का नाम लिखिए-(2)

1) दोपहर 2) विषधर

प्र8. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंधों को पहचानकर उनके भेद का नाम लिखिए-(3)

क) गुलाब के फूल जैसा शिशु का मुख किसे मुग्ध नहीं करता।

ख) अयोध्या के राजा दशरथ के चार पुत्र थे।

ग) सूरज धीरे-धीरे डूबता जा रहा था।

प्र9. निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर पहचान कर उनके भेद का नाम लिखिए-(3)

क) आस्था की नौकरी नहीं लगी।

ख) भगवान करे, तुम्हारा भविष्य उज्जवल हो।

ग) शायद शाम को वर्षा हो।

प्र10. विराम चिह्न : (3)

क) शब्दों को युग्म अथवा पुनरूक्त शब्दों को दुहराने में किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

ख) दोहरा उद्धरण चिह्न का प्रयोग करके एक वाक्य लिखिए।

ग) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए और वाक्य को दोबारा लिखिए-

अरे तुम कहाँ चले गए थे

प्र11. मुहावरे- (1)

क) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों से कीजिए। (कोई एक)

1. निखिल सदा काम से .... है।
2. किसी और के साथ ये खेल खेलना, यहाँ तुम्हारी ....।

ख) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए- (2)

1) पहाड़ टूट पड़ना 2) मुट्ठी गरम करना

प्र12. लोकोक्तियाँ- (2+1=3)

क) निम्नलिखित वाक्यों के लिए उपयुक्त लोकोक्तियाँ लिखिए (कोई दो)

1. हमें देश-काल के अनुरूप स्वयं को ढालना चाहिए।

2. सदा याद रखो - बुरे व्यक्ति के साथ रहने से बुराई ही मिलती है।

3. किसी काम से दोहरा लाभ होना अर्थ।

ख) 'अपना हाथ जगन्नाथ' लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

प्र13क) निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो नए शब्द बनाएँ: (2+1=3)

अन, खुश

ख) 'अधजला' शब्द में से मूलशब्द और उपसर्ग अलग करके लिखिए-

प्र14क) निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो नए शब्द बनाएँ: (2+1=3)

वान, या

ख) 'लघुता' शब्द में से मूलशब्द और प्रत्यय बताइए

प्र15क) निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर अर्थालंकार के भेद का नाम बताइए: (3)

1) निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है।

2) आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।

ख) 'रूपक अलंकार' की एक उदाहरण लिखिए।

(खण्ड-घ) लेखन

प्र16. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें:(5)

खेलों का महत्त्व

संकेत बिंदु: खेलों की उपयोगिता, खेल भावना का विकास, व्यवसाय के रूप, विकास के लिए प्रयास।

अथवा

भारत के गाँव

संकेत बिंदु: व्यवसाय, उन्नति, देश का हिस्सा, लोगों का व्यवहार, रहन-सहन आदि।

अथवा

हँसो और हँसाओ

संकेत बिंदु: जीवन का हिस्सा, स्वास्थ्य वर्धक, संजीवनी के समान, मानसिक शक्ति

प्र17. निम्नलिखित अनौपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए। (5)

अपने पिता जी को पत्र लिखकर वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी की रूपरेखा बताइए।

अथवा

अपने मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें बाढ़ पीड़ित क्षेत्र का भ्रमण करके आप पर जो प्रभाव पड़ा है। उसका वर्णन कीजिए।

B-4

प्र18. बार-बार बिजली के जाने पर दो औरतों के बीच संवाद लिखें। (5)

अथवा

निम्नलिखित संकेत-बिंदुओं के आधार बनाकर 100-110 शब्दों में अपनी कल्पनाशक्ति द्वारा लघुकथा पूरी कीजिए।

विषय - स्वतंत्रता का सुख

संकेत बिंदुः एक जंगली गधा, एक कुम्हार के गधे से उसका मिलना, उसे आराम करते देखना, उसे अपने से सुखी समझना, बाद में बोझे से लदे देखना, गुलामी की कीमत समझना, स्वतंत्रता का सुख समझना।

प्र19. आपके विद्यालय में कहानी-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। आप इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक हैं। अतः एक आयोजक के रूप में लगभग 30 से 40 शब्दों में सूचना लिखिए। (4)

अथवा

निम्नलिखित चित्र को देखकर उनका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।